Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ **चूरू में पुलिस थाना कोतवाली, सुजानगढ़ का सहायक उपनिरीक्षक पुलिस 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *20 सितम्बर, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की चूरू इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **सुमेर सिंह सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना कोतवाली सुजानगढ़, जिला चूरू** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की चूरू इकाई को परिवादिया द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में कार्यवाही नहीं करने एवं एफआर देने की एवज में आरोपी अनुसंधान अधिकारी सुमेर सिंह सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना कोतवाली सुजानगढ़, जिला चूरू द्वारा **20 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की चूरू इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री शब्बीर खान** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमेर सिंह सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना कोतवाली सुजानगढ़, जिला चूरू को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सहायक उपनिरीक्षक पुलिस द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से **4 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की *टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064 *एवं* ***Whatsapp*** *हैल्पलाईन नं.* 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**